# SAMPLE QUESTIONS

## CLASS – XI

## SUBJECT
## Part – II

# HINDI

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *छायावादी कविता पढ़कर आशयग्रहण करना।*

### प्रश्न

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

निर्दय उस नायक ने
निपट-निठुराई की,
कि झोंकों की झड़ियों से
सुंदर सुकुमार देह सारी झकझोर डाली,
मसल दिए गोरे कपोल गोल;
चौंक पड़ी युवती,
चकित चितवन निज चारों ओर फेर,
हेर प्यारे को सेज पास
नम्रमुखी हँसी, खिली
खेल रंग प्यारे संग।

1 प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता की हैं? इसके कवि कौन हैं? 2

2 पवन ने कली को कैसे जगाया? 4

3 पवन और कली की दो-दो क्रियाएँ कवितांश से छाँटकर लिखें। 4

| <u>पवन</u> | <u>कली</u> |
|---|---|
| निठुराना | चौंकना |
| .............. | .............. |
| .............. | .............. |

कुल स्कोर : **10**, समय : **20** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जुही की कली / सूर्यकांतत्रिपाठी निराला | 2 |
| 2 | कवितांश का आशय ग्रहण कर सही उत्तर लिखा है। | 4 |
| 3 | पवन और कली की दो-दो क्रियाएँ लिखी हैं। | 4 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *गद्यांश पढ़कर आशय ग्रहण करना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित गद्यांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पुष्पा और प्रेमा दोनों पड़ोसिनें थीं। दोनों के घर एक ही मोहल्ले में थोड़े अंतर पर ही थे। पुष्पा पढ़ी-लिखी और चालाक थी। वह प्रेमा के घर से एक दिन एक मिट्टी का बर्तन माँग लाई। अगले ही दिन वह छोटे बर्तन के साथ उसे लौटा आई और बोली – 'बहन, यह छोटा बर्तन तुम्हारे बड़े बर्तन का बेटा है। यह कल रात ही पैदा हुआ है।' प्रेमा ने प्रसन्न होकर बर्तन रख लिए।

एक सप्ताह बाद पुष्पा प्रेमा के घर पहुँची और बोली – 'बहन, मेरे यहाँ कुछ मेहमान आए हैं। मुझे अपनी पीतल की कढ़ाही और काँसे के बर्तन उधार दे दो।' प्रेमा ने खुशी-खुशी बर्तन दे दिए। कई दिन बीत जाने पर भी पुष्पा बर्तन वापस करने नहीं आई तो प्रेमा पुष्पा के घर गई और अपने बर्तन माँगे।

पुष्पा ने रोनी सूरत बनाते हुए कहा – 'मुझे बड़ा खेद है बहन, तुम्हारे सारे बर्तन दो दिन पहले ही किसी अज्ञात बीमारी से मर गए।'

'लेकिन बर्तन तो कभी नहीं मरते।' प्रेमा ने उत्तर दिया। पुष्पा बोली – 'क्यों नहीं प्रेमा, जब बर्तन के बेटा हो सकता है तो बर्तन भी बीमारी में अवश्य मर सकते हैं।' प्रेमा बेचारी चुप! सच कहा है कि झूठ को शुरू में ही सुधार लेना चाहिए।

1 प्रेमा अपने बर्तन वापस माँगने पुष्पा के घर आई। उस समय प्रेमा और पुष्पा के बीच में जो वार्तालाप हुए, उन्हें कल्पना करके लिखें। 5

2 उपर्युक्त घटना समाचार पत्र का समाचार बना। वह समाचार किस प्रकार का रहा होगा? कल्पना करके लिखें। 5

3 इस घटना का संदेश क्या है? 1

कुल स्कोर : **11**, समय : **20** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | • घटना के आधार पर वार्तालाप तैयार किया है। | 2 |
| | • वार्तालाप सूक्ष्म तथा प्रासंगिक हैं। | 1 |
| | • वार्तालाप की शैली अपनाई है। | 1 |
| | • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | • नियत प्रसंग के आधार पर समाचार तैयार किया है। | 2 |
| | • समाचार की रूपगत विशेषताएँ हैं। | 1 |
| | • समाचार की शैली अपनाई है। | 1 |
| | • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |
| 3 | घटना का संदेश लिखा है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *दोहा पढ़कर आशय समझना।*

**प्रश्न**

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित दोहा पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सब धरती <u>कागद</u> करूँ, लेखनि बनराय।
सात समुंद की <u>मसि</u> करूँ, गुरु गुन लिखा न जाए।।

1 रेखांकित शब्दों के समान अर्थवाले खड़ीबोली शब्द लिखें। 2

2 उपर्युक्त दोहे की आस्वादन टिप्पणी लिखें। 5

कुल स्कोर : **7**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | समान अर्थवाले खड़ीबोली शब्द लिखे हैं। (कागद-कागज़, मसि-स्याही) | 2 |
| 2 | • दोहे का आशय लिखा है। | 3 |
| | • आस्वादन टिप्पणी लिखी है। | 2 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *एकांकी पढ़कर समझना तथा रंग-सज्जा तैयार करना।*

**प्रश्न**

**रंग-सज्जा तैयार करें।**

निम्नांकित संवाद पढ़कर उसके अनुरूप रंग-सज्जा तैयार करें।

डाक्टर : बताइए, आप को क्या तकलीफ़ है?

बीमार : मेरे सारे शरीर में दर्द होता है।

डाक्टर : क्या आप के गले में भी दर्द है?

बीमार : हाँ, गले में तो चार-पाँच दिनों से दर्द है।

डाक्टर : परेशानी की कोई बात नहीं। आप को ज़रा फ़्लू लगा है। यह दवा लीजिए और दो दिन आराम कीजिए।

बीमार : जी, शुक्रिया।

कुल स्कोर : **7**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • संवाद के अनुरूप रंग-सज्जा तैयार किया है। | 4 |
| • संक्षिप्तता एवं सूक्ष्मता है। | 2 |
| • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *सूचना के अनुसार विज्ञापन तैयार करें।*

**प्रश्न**

**विज्ञापन तैयार करें।**

हिंदी व्याकरण सीखने में सहायक एक पुस्तक नई दिल्ली स्थित अमर प्रकाशन द्‌वारा प्रकाशित की गई है। सरल भाषा में व्याकरण के नियमों का उल्लेख इसमें किया गया है। ज़्यादत्तर उदाहरण भी इसमें सम्मिलित किए गए हैं। अधिक से अधिक अभ्यास भी मिलेंगे। वैयाकरणों के ग्रूप द्‌वारा सज्जित इस पुस्तक का मूल्य रु. 500/- है। इस पुस्तक के लिए एक विज्ञापन तैयार करें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • संकेतों के आधार पर विज्ञापन तैयार किया है। | 3 |
| • आकर्षणीयता है। | 2 |
| • शीर्षक वाक्यांशों (captions) का सही प्रयोग किया है। | 2 |
| • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *स्रोत-भाषा से लक्ष्य-भाषा में भाषांतरण करना।*

### प्रश्न

**अनुवाद करें।**

निम्नांकित खंड का हिंदी में अनुवाद करें।

> New Delhi is the capital of India. In olden times, it was the capital of Pandavas. Then it was called Indraprastha. There after, the Mugal emperors also made Delhi as their capital.

कुल स्कोर : **6**, समय : **10** मिनट।

### मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • खंड का हिंदी में अनुवाद किया है। | 3 |
| • हिंदी की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *कहानी पढ़कर आशय समझना।*

### प्रश्न

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित कथांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अगले दिन घर से निकलने से पूर्व मैं ने अपना भविष्य लगभग सभी पत्र-पत्रिकाओं में पढ़ लिया। एक वाक्य सभी जगह था, 'मन की इच्छा पूरी होगी।' अच्छी तरह चश्मा साफ़ करके पढ़ा। झटपट उठा, बढ़िया सूट चढ़ाया और अपने दोस्त के पास पहुँच गया। देखा, तो वह भी अपनी राशि पढ़ रहा था। मुझे आता देख खुशी से चिल्ला उठा, 'मनोकामना पूर्ण होगी।' मैं ने लक्ष्य किया, उसके पेपर का ब्रांड दूसरा था। मैं मन ही मन मायूस हो गया। वह फुरती से उठा और धड़ाधड़ शेव बनाने लगा। जीन्स का सूट चढ़ाया। पर्लयामा बाहर निकाली और हम लोग उड़े जा रहे थे।

1 इस अंश में दोनों मित्रों के स्वभाव की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है? 2

2 दोनों मित्र अपना-अपना भविष्य पढ़कर खुश क्यों हुए? 2

3 दोनों मित्र किताब की दुकान में लड़की से मिले। उस प्रसंग में उनके बीच हुए वार्तालाप कल्पना करके लिखें। 6

कुल स्कोर : **10**, समय : **20** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | दोनों मित्रों के स्वभाव की विशेषताएँ लिखी हैं। | 2 |
| 2 | कथांश के आधार पर सही उत्तर लिखा है। | 2 |
| 3 | • नियत प्रसंग के आधार पर वार्तालाप लिखा है। | 2 |
| | • वार्तालाप सूक्ष्म तथा प्रासंगिक हैं। | 2 |
| | • वार्तालाप की शैली अपनाई है। | 1 |
| | • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *कविता पढ़कर आशय समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दिन विष्णुजी के पास गए नारदजी,
पूछा, 'मर्त्यलोक में वह कौन है पुण्यश्लोक
भक्त तुम्हारा प्रधान?'
विष्णुजी ने कहा, 'एक साधारण किसान है,
प्राणों से प्रियतम।'
नारद ने कहा, 'मैं
उसकी परीक्षा लूँगा।'
हँसे विष्णु सुनकर यह,
कहा कि, 'ले सकते हो।'
नारदजी चल दिए,
पहुँचे भक्त के यहाँ
देखा, खेत जोतकर आया वह दुपहर को

दरवाज़े पहुँचकर रामजी का नाम लिया,
स्नान भोजन करके,
फिर चला गया काम पर।
शाम को आया दरवाज़े, फिर नाम लिया;
प्रातःकाल चलते समय
एक बार फिर उसने
मधुर नाम स्मरण किया।
'बस केवल तीन बार'
नारद चकरा गए।

• *सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'*

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विष्णुजी का प्रिय भक्त कौन था? | 1 |
| 2 | किसान के घर जाकर नारदजी ने क्या देखा? | 2 |
| 3 | नारद क्यों चकरा गए? | 3 |
| 4 | कविता में वर्णित घटना लिखें। | 6 |

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कवितांश का आशय ग्रहण कर सही उत्तर लिखा है। (एक साधारण किसान) | 1 |
| 2 | कवितांश के आधार पर सही उत्तर लिखा है। | 2 |
| 3 | कवितांश के आधार पर सही उत्तर लिखा है। | 3 |
| 4 | • कविता में वर्णित घटना लिखी है। | 3 |
| | • घटना में क्रमबद्धता है। | 2 |
| | • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |



## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *सूचना के आधार पर शिकायती पत्र लिखना।*

**प्रश्न**

**पत्र लिखें।**

मान लें, आप ने संगीत प्रकाशन, वाराणसी से 'रामचरितमानस' की एक प्रति वी.पी.पी द्वारा माँगी थी। किताब मिल गई है। लेकिन आप ने देखा कि उसके कुछ पन्ने खराब हो गए हैं। इसपर शिकायत करते हुए तथा नई किताब माँगते हुए प्रकाशक के नाम पत्र लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • सूचना के आधार पर पत्र लिखा है। | 3 |
| • पत्र की रूपरेखा का पालन किया है। | 2 |
| • पत्र की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *सूचना के आधार पर संपादक के नाम पत्र लिखना।*

## प्रश्न

**पत्र लिखें।**

निम्नांकित समाचार पढ़ें।

### सड़क दुर्घटना : पंद्रह लोगों की मृत्यु

**एरुमेली**। शबरिमला से आ रहे तीर्थाटकों की बस दुर्घटनाग्रस्त हुई और पंद्रह लोगों की मृत्यु हुई। बीस लोग घायल हुए। घायलों को कोट्टयम मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस अधिक वेग से चली आ रही थी। अतः उसका नियंत्रण छूट गया और 60 फीट नीचे की ओर चली गई। बस के हिस्से तितर-बितर हो गए हैं। सरकार ने इस दुर्घटना की जाँच के आदेश दिए हैं।

बढ़ती सड़क-दुर्घटनाओं की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी दैनिक के संपादक के नाम पत्र लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • सूचना के आधार पर पत्र लिखा है। | 3 |
| • पत्र की रूपरेखा का पालन किया है। | 2 |
| • पत्र की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *बिंदुओं को विकसित करके निबंध तैयार करना।*

### प्रश्न

**निबंध लिखें।**

निम्नांकित बिंदुओं को विकसित करके निबंध लिखें।

- भ्रष्टाचार
- अर्थ
- भ्रष्टाचार के कारण
- उसके विविध प्रकार
- भ्रष्टाचार से हानियाँ
- भ्रष्टाचार रोकने के उपाय

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

| मूल्यांकन सूचक | |
|---|---|
| • बिंदुओं को विकसित करके निबंध लिखा है। | 3 |
| • विचारों में क्रमबद्धता है। | 2 |
| • निबंध की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *संकेतों के आधार पर कहानी लिखना।*

### प्रश्न

**कहानी लिखें।**

निम्नांकित संकेतों के आधार पर कहानी लिखें।

एक बूढ़ी औरत – जवान बेटे की मृत्यु – महात्मा बुद्ध की शरण में जाना – पुत्र को जीवित कर देने की प्रार्थना – एक मुट्ठी अन्न ले आओ – जहाँ कभी मृत्यु न हुई हो – बुढ़िया का घर-घर चावल माँगना – निराश लौटना – अपनी मूर्खता मालूम होना – जन्म के साथ मृत्यु प्रकृति का नियम – शोक बेकार –

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • संकेतों के आधार पर कहानी लिखी है। | 3 |
| • घटनाओं में क्रमबद्धता है। | 2 |
| • कहानी की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *एकांकी पढ़कर समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**विज्ञापन तैयार करें।**

वैद्य परमानंद अपनी बनाई दवा 'अमर भास्कर चूर्ण' की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से उसका एक विज्ञापन देना चाहता है। पठित एकांकी के आधार पर वह विज्ञापन तैयार करें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • कथांश के आधार पर विज्ञापन तैयार किया है। | 3 |
| • आकर्षणीयता है। | 2 |
| • शीर्षक वाक्यांशों (captions) का सही प्रयोग किया है। | 2 |
| • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *पद पढ़कर आशय समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**वार्तालाप तैयार करें।**

सूरदास के निम्नांकित पद के आधार पर राधा और कृष्ण के बीच के वार्तालाप खड़ीबोली में लिखें।

बूझत स्याम कौन तू गोरी।
कहाँ रहति काकी है बेटी, देखी नहीं कहूँ ब्रजखोरी।

काहे को हम ब्रजतन आवतिं, खेलति रहतिं आपनी पौरी।
सुनत रहतिं स्रवनन नंद ढोटा, करत फिरत माखन दधि चोरी।
तुम्हरो कहा चोरि हम लैहैं, खेलन चलौ संग मिलि जोरी।
'सूरदास' प्रभु रसिक सिरोमनि, बातनि भुरइ राधिका भोरी।।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

### मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • पद के आधार पर वार्तालाप लिखा है। | 3 |
| • वार्तालाप सूक्ष्म तथा प्रासंगिक हैं। | 2 |
| • वार्तालाप की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *कहानी पढ़कर समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

### प्रश्न

### विज्ञापन तैयार करें।

मान लें, 'अपना-अपना दाँव' कहानी का 'वह' पात्र अपनी पर्लयामा बेचना चाहता है। इसका विज्ञापन वह अखबार में देना चाहता है। वह विज्ञापन तैयार करें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

### मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • कथांश के आधार पर विज्ञापन तैयार किया है। | 3 |
| • आकर्षणीयता है। | 2 |
| • शीर्षक वाक्यांशों (captions) का सही प्रयोग किया है। | 2 |
| • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *निबंध पढ़कर आशय समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**समाचार तैयार करें।**

तरह-तरह के गीत बेचनेवाले एक कवि गाँव में आए हैं। उनसे संबद्ध एक विशेष समाचार अखबारों में आया। वह समाचार कल्पना करके लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • कविता के आधार पर समाचार तैयार किया है। | 3 |
| • समाचार की रूपगत विशेषताएँ हैं। | 2 |
| • समाचार की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *संकेतों के आधार पर कहानी लिखना।*

**प्रश्न**

**कहानी लिखें।**

निम्नांकित संकेतों के आधार पर कहानी लिखें।

एक भूखा कुत्ता – सूखी हड्डी मिलना – काटना – माँस कुछ भी न मिलना – काटते रहना – मुँह से खून का आना – दूसरा कुत्ता – छोड़ दो हड्डी को – बेकाम – मुँह से खून – नहीं छोड़ूँगा – खून हड्डी से आ रहा है – धोखा मत देना – सीख –

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • संकेतों के आधार पर कहानी लिखी है। | 3 |
| • घटनाओं में क्रमबद्धता है। | 2 |
| • कहानी की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |